# कार्यालय नगरपालिका मुकुन्दगढ, झुंझुनूं (राज.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका के आगामी चुनाव हेतु पुर्नगठित वार्डो के सीमांकन के प्रस्ताव निम्नानुसार तैयार किये गये हैं:-

| क्र.स. | वार्ड सं. | नवगठित वार्डो के सीमांकन का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 1 | श्री रामस्वरूप चेजारा के घर से पश्चिम में नगरपालिका की सरहद चलते चलते पशु चिकित्सालय तक। यहां से दक्षिण में पालिका सरहद चलते हुये जोहड़ में बसे परिवारों को बायीं ओर शामिल करते हुये कुवां गंगाराम मुरारका तक। यहां से पूर्व में कच्चे रास्ते-रास्ते चलते हुए बनवारी लाल सैनी के घर तक । यहां से दक्षिण में टीबड़ेवाला गेस्ट हाउस तक। यहां से पूर्व में सड़क सड़क चलते हुए श्री गोपीनाथ जी मंदिर तक। यहां से मन्दिर को बायीं ओर शामिल कर उत्तर में बांयी ओर शामिल कर उतर में सड़क सड़क चलते हुये मुकेश शर्मा की आटा चक्की तक। यहां से पश्चिम में रास्ते-रास्ते चलते हुए श्री गंगाबिशन टीबड़ेवाले के मकान तक। यहां से उत्तर में ओम प्रकाश नाई के मकान को बांयी ओर शामिल कर मदनलाल शर्मा के प्लॉट तक। यहां से सड़क पार कर उत्तर में शिवालय को बांयी ओर शामिल कर यहां से थोड़ा पूर्व में चलकर रामप्रताप चेजारा के मकान को बांयी ओर शामिल कर उत्तर में चलते हुए रामस्वरूप चेजारा के घर तक का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 2 | 2 | कानोड़िया कुवा व शिवालय से पश्चिम में गिरधारी लाल गुर्जर के मकान बांयी ओर शामिल करते हुए जयसिंह गुर्जर के मकान तक। यहां से दक्षिण में कच्चे रास्ते-रास्ते चलते हुए जुगलकिशोर चेजारा के घर को बांयी ओर शामिल कर थोड़ा पूर्व में चलकर दक्षिण में मुड़ कर आगे चलते हुए रणजीत राव के घर को बांयी ओर शामिल कर कुम्खीलाल कटेवाला के नोहरें तक। यहां से पूर्व में चलते हुए शिवालय मंदिर तक। यहां से उत्तर में मण्डावा रोड़ चलते हुए राणीसती मन्दिर को बांयी ओर शामिल करते हुए कानोड़िया कुवा व शिवालय तक। |
| 3 | 3 | सार्वजनिक पुस्तकालय से पश्चिम में फतेहपुर जाने वाली सड़क-सड़क चलते हुए पिंजरापोल तक। यहां से टीबड़ेवाला गेस्ट हाऊस को दांयी ओर छोड़कर जांटवाली जाने वाले रास्ते रास्ते चलते हुए भंवरी देवी सैनी के घर तक। यहां से पश्चिम में रास्ते चलते हुए गंगाराम मुरारका कुए तक। यहां से भींचरी जाने वाली सड़क को पार कर पालिका सीमा चलते हुए क्यामखानियों के मोहल्ले व जोहड़ी तथा बाबूलाल सैनी के घर को बांयी ओर शामिल करते हुए पूर्व में सड़क सड़क चलते हुए गनेड़ीवालों के कुए तक। यहां से इस कुए को दाहिनी ओर छोड़कर नटवर सैन को बांयी ओर शामिल कर दक्षिण में महेश महर्षि के प्लाट तक। यहां से पूर्व में बनवारी लाल पाण्डे के मकान को बायी ओर शामिल करते हुए विश्वनाथ कनोई के मकान तक। यहां से उत्तर में सड़क सड़क चलते हुए सार्वजनिक पुस्तकालय तक। |
| 4 | 4 | श्री राधाकिशन कनोई के घर से पश्चिम में रास्ते-रास्ते चलते हुए केशर देव सैनी के घर तक। यहां से उतर में नन्दलाल सैनी को बांयी ओर शामिल करते हुए गनेड़ीवालों के कुए तक। यहां से पश्चिम में रास्ते-रास्ते चलते हुए रतनलाल सैनी के घर को बांयी ओर शामिल कर तथा बिरखो की जोहड़ी को दांयी ओर छोड़कर न.पा. सरहद तक। यहां से दक्षिण में न.पा. सीमा से चलकर रास्ते तक। यहां से पूर्व में रास्ते रास्ते चलते हुए कब्रिस्तान को दांयी ओर छोड़ते हुये मालियो के मोहल्ले कों बांयी ओर शामिल करते हुये गनेड़ीवालों की छतरी तक। यहां से उतर में सड़क सड़क चलते हुए राधा किशन कनोई के मकान तक। |
| 5 | 5 | सर्राफो की हवेली से पश्चिम में रास्ते रास्ते चलते हुए आगे कब्रिस्तान को बांयी ओर शामिल करते हुए न.पा. सरहद तक। यहां से दक्षिण में कामदारों के कुए वाले रास्ते तक। यहां से पूर्व में शोकत नजरू व्यापारी व अब्दुल सलीम फतेहमोहम्मद व्यापारी के मकान तक यहां से पश्चिम में रास्ते रास्ते चलते हुए धनपत सिंह बिर्ख के मकान तक। यहां से पूर्व में रास्ते रास्ते चलते हुए जगदीश बिर्ख के मकान व दुकान तक। पूर्व से उत्तर में सड़क सड़क चलते हुए सर्राफो की हवेली तक का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 6 | 6 | श्री नन्दलाल बिर्ख के मकान से पश्चिम में रास्ते रास्ते चलते हुए श्री भंवरसिंह के मकान तक। यहां से उत्तर में अब्दुल रहमान व मुस्ताक व्यापारी के मकान तक। यहां से पश्चिम में रास्ते रास्ते चलते हुए न.पा. सरहद तक। यहां से पश्चिम न.पा. सीमा चलते हुऐ लक्ष्मणगढ रोड़ तक। यहां से पूर्व में सड़क सड़क चलते हुए सुभाष मील के मकान तक। यहां से सुभाष मील के मकान को दाहिनी ओर छोड़कर उतर में एक अनुमानित रेखा पारकर आगे हाकिम काजी व इस्माईल यासीन व्यापारी को बांयी ओर शामिल कर नन्दलाल बिर्ख के मकान तक। |
| 7 | 7 | सेठ जमनाधर सागरमल बागड़ोदिया औधोगिक प्रशिक्षण केन्द्र से पश्चिम में रास्ते रास्ते चलते हुए श्री श्यामसुन्दर चेजारा के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुए व एक अनुमानित रेखा पार करते हुए सराफो के जोड़ की दक्षिणी पश्चिमी कूंट व मुमताज काजी के घर व लक्ष्मणगढ जाने वाले कच्चे रास्ते तक। यहां से दक्षिण में रास्ते रास्ते चलते हुए लक्ष्मणगढ- मण्डी रोड़ तक। यहां से रोड़ रोड़ पश्चिम में चलकर न.पा. सरहद तक। यहां से दक्षिण में न.पा. सरहद चलते हुए पबाना का बास जाने वाले रास्ते तक। यहां से पूर्व में रास्ते रास्ते चलते हुए सांवरमल जांगिड़ के घर को बांयी ओर शामिल कर जयपुर-लुहारू सड़क तक। यहां से उत्तर में सड़क सड़क चलते हुए मण्डी पोस्ट ऑफिस को बांयी ओर शामिल कर ओमप्रकाश पानवाले व प्याऊ मण्डी चौराहा तक। यहां से पश्चिम में लक्ष्मणगढ रोड़ चलते हुए रामस्वरूप जोशी के बाड़े तक। यहां से उतर में मंडी से मुकुन्दगढ शहर जाने वाली रोड़ रोड़ चलते हुए सेठ जमनाधर सागरमल बागड़ोदिया औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 8 | 8 | रेल्वे स्टेशन से पश्चिम में मुख्य बाजार चलते हुए मुख्य चौराहा तक। यहां से दक्षिम में जयपुर लुहारू रोड़ चलते हुए पेट्रोल पम्प को बांयी ओर शामिल कर आगे न.पा. सीमा तक। यहां से पूर्व में सड़क सड़क चलते हुए फूल सिंह दूलर के मकान में बांयी ओर शामिल कर व आगे चलकर रेलवे फाटक तक। यहां उतर में रेलवे लाईन लाईन चलकर रेलवे स्टेशन तक का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 9 | 9 | रेलवे स्टेशन से पश्चिम में सड़क सड़क चलते हुए मुख्य चौराहा एवं हरफूल सिंह जांगिड़ की दुकान तक। यहां से उत्तर में जयपुर-लुहारू रोड़ चलते हुए कानोड़िया अस्पताल व प्रेमपाल दूलर को दांहिनी ओर शामिल करते हुए देवनारायण गुर्जर की दुकान तक। यहां से पूर्व में रास्ते रास्ते चलते हुए शुभकरण माली के घर को बांयी ओर छोड़ते हुए रेलवे लाईन व न.पा. सीमा तक। यहां से दक्षिण में न.पा. सरहद चलते हुए रेलवे स्टेशन तक। |

D/Prem/निकाय के सीमा विवरण सम्बन्धी सुचना

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मुकुन्दगढ

| | | |
|---|---|---|
| | 10 | श्री सोकत अली ट्रांसपोर्ट कम्पनी से पश्चिम में रोड़ रोड़ चलते हुए युनुस पठान की दुकान तक। यहां से उतर में सड़क सड़क चलते हुए कानोड़ियां कोठी को दाहिनी ओर शामिल करते हुए नन्दूमोदी की प्याऊ तक । यहां से पूर्व में ओमप्रकाश बिर्ख की दुकान तक यहां से दक्षिण में भंवरजी स्वामी के घर को दायी ओर शामिल करते हुए व दिनेश शर्मा के मकान को बायी ओर छोड़कर रामनिवास चेजारा के मकान तक। यहां से पूर्व में सड़क सड़क चलते हुए हाईलेण्ड हाऊस की दुकानो को दाहिनी ओर शामिल करते हुए जयपुर लुहारू सड़क तक। यहां से दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुए हारून चौपदार की दुकान को दाहिनी ओर शामिल करते हुए शौकत अली ट्रांसपोर्ट तक का समस्त दाहिना क्षैत्र। |
| 11 | 11 | श्री विक्रम सिंह चेजारा व दिनेश जांगिड़ के कारखाने से उत्तर में सड़क सड़क चलते हुए गैस एजेन्सी को बांयी ओर शामिल कर मुंशी सब्जी फरोस के मकान तक। यहां से पश्चिम चलते हुए रामकरण सिंह जाट के मकान तक। यहां से दक्षिण में चलते हुए शारदा नर्स के मकान को शामिलकर व पन्नालाल कुम्हार के मकान तक। यहां से दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुए श्यामसुन्दर कुम्हार के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुए मटरूमल गोमाराम मेघवाल के घर तक। यहां से पश्चिम में मुड़कर थाने को बांयी ओर शामिल करते हुए शुलभ शौचालय तक। यहां से दक्षिण में पटवार घर व दिनेश शर्मा के घर को बांयी ओर शामिल कर पूर्व में सड़क सड़क चलते चलते नीरू शेखावत को शामिल करते हुए विक्रम चेजारा की दुकान व दिनेश जांगिड़ के कारखाने तक का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 12 | 12 | प्रसूतीग्रह से पूर्व में सड़क सड़क चलकर सुमेरूराम पुत्र हरदेवाराम मेघवाल के घर तक। यहां से उत्तर में सुभाष कुमार मेघवाल को बांयी ओर शामिल कर मूलाराम पुत्र उदाराम कुम्हार के घर तक। यहां से पश्चिम भोलूराम जोगी के घर को बांयी ओर शामिल कर बद्रीप्रसाद लुहार के खाली प्लाट व कालूराम चेजारा को बायी ओर शामिल कर बाबूलाल पुत्र श्योकरण चेजारा के मकान तक। यहां से दक्षिण में पीर जी की दरगाह को बांयी ओर शामिल कर लाल कुए तक। यहां से श्री सीताराम सैनी के घर को बांयी ओर शामिल करते हुए प्रस्तूग्रह तक। |
| 13 | 13 | श्री राम निवास चेजारा के मकान से पश्चिम में डालचन्द व विश्वम्भर सीकलीगर के मकान तक। यहां से दक्षिण में बीड़दीचन्द कलाल को बांयी ओर शामिल कर महिपाल दूलर के घर तक। यहां पश्चिम में सड़क–सड़क चलते हुए सराफो के जाव में बसे व्यापारियों के मौहल्ले को बांयी ओर शामिल करते हुए सराफो के कुए तक। यहां से दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुए रजाक काजी के घर तक। यहां से पूर्व में चलते हुए हारून व्यापारी के मकान को बांयी ओर शामिल कर कॉलेज फील्ड में से एक अनुमानित रेखा पार करते हुए कॉलेज व क्वाटर्स को बांयी ओर शामिल कर तथा औधोगिक प्रशिक्षण केन्द्र को दाहिनी ओर छोड़कर मण्डी जाने वाली सड़क तक। यहां से उतर में सड़क सड़क चलते हुए कानोडिया कॉलेज व नगरपालिका कार्यालय व लाल कुएं को बायी ओर शामिल कर उतर में सीधे रामनिवास चेजारा के घर तक। |
| 14 | 14 | मन्नु खत्री के मकान से दक्षिण में रास्ते रास्ते चलते हुए सफी व्यापारी के मकान तक। यहां से पश्चिम में रास्ते रास्ते चलते हुए भगवता सिद्धु मंदिर को दाहिनी ओर शामिल करते हुए मोहम्मद हुसैन सीक्का के मकान तक। यहां से उतर में यासीन पुत्र नीसार व्यापारी के मकान तक। यहां से पूर्व में रास्ते रास्ते चलते हुए जाफर बसीर व्यापारी को बांयी ओर छोड़ते हुए मन्नु खत्री के मकान तक का समस्त दाहिना क्षैत्र। |
| 15 | 15 | श्री राधेश्याम जोशी के घर से पश्चिम में सड़क सड़क चलते हुए व महेश महर्षि के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुए औम प्रकाश पूखिया के गेस्ट हाउस तक। यहां से दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुए जाफर पुत्र श्री आमीन व्यापारी के मकान तक। यहां से पूर्व में चलते हुए जब्बार पुत्र गुलाम हुसैन खत्री के मकान तक। यहां से उतर में सड़क सड़क चलते हुए बागड़ोदिया सी. सै. स्कूल को बांयी ओर शामिल करते हुए राधेश्याम जोशी के घर तक का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 16 | 16 | श्री नरसी, भागचन्द दर्जी के मकान से उतर में सड़क सड़क चलते हुए बावलिया बाबा के मंदिर को बायी ओर शामिल करते हुए बाजार को परकर श्री रामनिरजंन शर्मा के मकान तक। यहां से पश्चिम अशोक गुर्जर के मकान व विष्णु साबुन फेक्ट्री को बांयी ओर शामिल कर सुभाष कुमार हांकला के मकान तक। यहां से दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुए श्री गोपीनाथ जी मंदिर को दायी ओर छोड़कर जगदीश प्रसाद स्वामी की दुकान व आगे गीगीदेवी चौखानी प्राथमिक स्कूल को बांयी ओर शामिल कर महावीर जी तोलासरिया के मकान व बगीची तक । यहां से पूर्व में रास्ते रास्ते चलते हुए हरिराम शाह हवेली को बांयी ओर शामिल कर नरसी, भागचन्द दर्जी के मकान का समस्त बांया क्षैत्र। |
| 17 | 17 | श्मशानघाट के मुख्यद्वार से उत्तर में चलते हुए पालिका सरहद तक। यहां पश्चिम में ग्राम जांटवाली की सरहद तक। यहां से दक्षिण में औधोगिक प्रशिक्षण केन्द्र व बिजली बोर्ड को बांयी ओर शामिल करते हुए मण्डावा रोड़ चौराहे तक। यहा से पश्चिम मुकुन्दगढ की सरहद चलते हुए रामस्वरूप चेजारा के घर तक । यहां से दक्षिण में चलते हुए महेश चेजारा के घर तक यहां से पूर्व में कानोडिया कुए व मण्डावा रोड़ तक। यहां दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुए श्री विष्णु चौधरी के घर तक। यहां से पूर्व में साबुन फैक्ट्री को दाहिनी ओर चलते हुए कुम्भजी दरबार रोड़ तक। यहां से उत्तर में कुम्भजी दरबार को बांयी ओर शामिल करते हुए मण्डावा रोड़ को पार कर तहसील को बांयी ओर शामिल कर शमशान घाट के मुख्य द्वार तक। |
| 18 | 18 | श्री रामवतार द्वारका प्रसाद पुजारी के मकान से दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुए गढ की दक्षिणी पश्चिमी कूंट तक । यहां से पूर्व में रास्ते–रास्ते चलते हुए ओमप्रकाश चेजारा के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुए उम्मेद पुत्र खाजू कलाल के मकान तक। यहां से उतर में चलते हुए शारदा नर्स के मकान को दाहिनी ओर छोड़कर विश्वम्भर सिकलीगर के मकान तक। यहां से पूर्व में सड़क सड़क चलते हुए दीपक पुत्र बनवारी लाल चेजारा के मकान तक। यहां से उतर में श्री विजय कुमार जगनानी के मकान को दाहिनी ओर छोड़कर व श्री बनवारी पुत्र श्री नागरमल माली के प्लाट तक। यहां से पश्चिम में रास्ते–रास्ते चलते हुए शीशपाल गुर्जर के मकान व तगाला गेस्ट हाऊस को बांयी ओर शामिल करते हुए रामावतार /द्वारका प्रसाद पुजारी के मकान का समस्त बांया क्षैत्र। |
| 19 | 19 | सुरेका शिवालय से पूर्व की ओर सड़क सड़क चलते हुए पवन शर्मा के मकान तक। यहां से उत्तर में गिरधारी लाल चेजारा के मकान को बांयी ओर शामिल कर सत्यनारायण चेजारा के खाली प्लॉट तक। यहां से उत्तर में बेरीवालों के नोहरे को बांयी ओर शामिल कर बस स्टेण्ड जाने वाली सड़क तक।यहां से पश्चिम में ठडे वाले बालाजी मंदिर को बांयी ओर शामिल कर ज्यानकी बाबा मंदिर तक। यहां से दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुए सुरेका शिवालय तक। |



अधिशाषी अधिकारी

| | | |
|---|---|---|
| | 20 | बाकरे वाले स्टेडियम की उतरी पश्चिमी कूंट से दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुए सुरोलिया कुंए को बांयी ओर शामिल करते हुए शुभकरण दर्जी के मकान व दुकान तक। यहां से पूर्व में चलते मुनीचन्द चेजारा की दुकान तक। यहां से उतर में सलामुदीन नीलगर के मकान व तिराहा तक। यहां से पूर्व में बालाजी जनरल स्टोर को बांयी ओर शामिल कर महादेव माली के कुए व जाव को बांयी ओर शामिल कर तिराहा से उतर में चलते हुए पोरवाल गेस्ट हाउस को दाहिनी ओर छोड़कर एक अनुमानित रेखा पार करते हुए जाव की सीमा सीमा चलते हुए मण्डावा रोड़ तक। यहां से पश्चिम में बाकरे वाला स्टेडियम की उतरी–पूर्वी कूट से पश्चिम में मण्डावा रोड़ चलते हुए बाकरे वाला स्टेडियम की उतरी–पश्चिमी कूंट का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 21 | 21 | बिहारी लाल पुत्र श्री मोहनलाल चेजारा के मकान से दक्षिणी में रास्ते चलते हुए गिरधारीलाल चेजारा के मकन तक। यहां से पूर्व में स्टेण्ड रोड़ चलते हुए नरसी लाल चेजारा के घर को बांयी ओर शामिल कर बनवारी लाल माली की दुकान तक। यहां से उतर में चलते हुए बल्लाराम मास्टर के घर को बांयी ओर शामिल कर बजरंग लाल दर्जी के मकान तक। यहां से पश्चिम में चलकर बाबू लाल कुमावत के मकान तक। यहां से उतर में चलते हुए हुसैन नीलगर के मकान तक। यहां से पश्चिम में महावीर माली के घर तक। यहां से थोड़ा दक्षिण में पोरवाल गेस्ट हाउस को बांयी ओर शामिल कर श्रीराम योगी के घर तक। यहां से पश्चिम में चलते हुए बिहारी लाल पुत्र श्री मोहन लाल चेजारा के घर तक का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 22 | 22 | इकबाल नीलगर के मकान से दक्षिण में चलते हुए बाबू हाजी तगाला के नोहरे तक। यहां से दक्षिण में सड़क पार कर कालू सांसी के मकान व जलदाय विभाग को बांयी ओर शामिल कर कजोड़मल कुम्हार के मकान तक। यहा थोड़ा पूर्व में मुड़कर दक्षिण में चलते हुए प्रभू जांगिड़ के नोहरे को बांयी ओर शामिल कर राजकुमार सुनार के मकान तक। यहां से पश्चिम में बजरंगलाल धुवारिया के मकान तक। यहां से दक्षिण में विजय कुमार जगनानी के मकान तक। यहां से पूर्व में चलते हुए आत्माराम शर्मा की चक्की को बांयी ओर शामिल कर गिरधारी लाल मोदी के नोहरे तक। यहां से उतर में जलदाय विभाग व ढांचोलिया फेक्ट्री को बांयी ओर शामिल कर विजेन्द्र कुमार जाट की दुकान व बाड़े तक। यहां से पश्चिम में एक अनुमानित रेखा पार कर सीताराम खटीक, रामनिवास, बजरंगलल के मकान को बांयी ओर शामिल कर रमेशचन्द्र वाल्मिकी के मकान तक। यहां से थोड़ा दक्षिण में मुड़कर पश्चिम में चलते हुए मदरसा को बांयी ओर शामिल कर इकबाल नीलगर के मकान का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 23 | 23 | मण्डावा मोड़ से दक्षिण में सीकर झुंझुनूं रोड़ चलते हुए केशर देव कुम्हार की दुकान , प्रभूदयाल पण्डित के मकान को को बांयी ओर शामिल करते हुए युसुफ तगाला के नोहरे तक। यहां से पूर्व में रास्ते रास्ते चलते हुए शुभकरण मालियों के खेत को बांयी ओर शामिल करते हुए न.पा. मुकुन्दगढ की सरहद तक। यहां से उतर में पालिका सरहद सरहद चलते हुए न.पा. सरहद तक। यहां से पश्चिम में इनायत लुहार को शामिल कर पालिका सरहद सरहद चलते हुए मण्डावा मोड़ तक का समस्त बाया क्षैत्र। |
| 24 | 24 | लूणचन्द चेजारा की दुकान से पूर्व में नन्दलाल बेरीवाला के नोहरे तक। यहां से उतर में रास्ते रास्ते चलते हुए सब्बीर नीलगर के घर तक। यहां सेपूर्व में इकबाल पुत्र ज्यानी नीलगर के मकान को बांयी ओर शामिल कर बाबूलाल लिलगर के मकान तक। यहां से उतर में चलते हुये मस्जिद को दांयी ओर छोड़कर रफीक लुहार के घर तक । यहां से पूर्व में नरेश वाल्मिकी के मकान को बांयी ओर शामिल कर एवं अनुमानित रेखा पार कर व महावीर जी धुवारिया के खेत को बांयी ओर शामिल कर जयपुर लुहारू सड़क तक। यहां से उतर में चलते हुए मण्डावा मोड़ को पार कर न.पा. सरहद तक। यहा से पश्चिम में न.पा. सरहद चलते हुए वापिस मण्डावा सड़क पार कर जितेन्द्र पोरवाल की दुकान को बांयी ओर शामिल कर दक्षिण में कच्चे रास्ते चलते हुए रोहिड़ा वाला बालाजी मन्दिर को बांयी ओर शामिल कर मक्खन लाल वाल्मिकी के प्लॉट तक/ यहां से पश्चिम में चलकर नटवर लाल पोरवाल को दांयी ओर छोड़कर मोतीलाल रेगर के मकान तक/ यहां सें दक्षिण में सड़क सड़क चलते हुये मोहनलाल खटीक के मकान तक। यहां से पश्चिम में चलते हुए इमामुदीन तेली के मकान को बांयी ओर शामिल कर रसूल नीलगर को बांयी ओर शामिल कर लूण चन्द चेजारा के मकान तक। यहां से दक्षिण में केशर दर्जी को बायी ओर शामिल कर लूणचन्द चेजारा की दुकान का समस्त बायां क्षैत्र। |
| 25 | 25 | नगरपालिका सरहद बीहड़ भूमि से दक्षिण में चलते हुए शमशान के सहारे–सहारे चलते हुए शमशानों (मुक्ति धाम)को बांयी ओर शामिल कर मण्डावा रोड़ को पार कर एक अनुमानित रेखा से चलते हुए महोदव माली के जाव को दाहिनी ओर छोड़ते हुए इब्राहिम नीलगर के मकान तक। यहां से सड़क सड़क चलते हुए पोरवाल गेस्ट हाउस व गोपाल चेजारा के मकान को दाहिनी ओर छोड़कर पूर्व में हुसैन नीलगर के मकान तक। यहां से दक्षिण में हुसैन नीलगर को दाहिनी ओर छोड़कर मीनूदीन धोबी को बांयी ओर शामिल कर गोपीराम चेजारा के घर तक। यहां से पूर्व में सुरेश कुमार चेजारा व रसूल लीलगर तथा असरफ बंगाली के घर को बांयी ओर शामिल कर रामावतार चेजारा के मकान तक। यहां से उतर में रास्ते रास्ते चलते हुए गोपीराम मास्टर को शामिल करते हुए राजकुमार बिहारी लाल रेगर के मकान तक। यहां से पूर्व पवन पोरवाल के मकान को बांयी ओर शामिल कर नटवर पोरवाल के मकान तक। यहां से उतर में कच्चे रास्ते चलते हुए मणिहारों के मकान को बांयी ओर शामिल कर अशोक कुमार शर्माके प्लाट तक (मण्डावा रोड़ तक)।यहां से रोड़ को पार कर जितेन्द्र पोरवाल की दुकान को दाहिनी ओर छोड़कर पालिका व ग्राम मोहब्बतसरी की सरहद तक। यहां से पश्चिम में न.पा. सरहद तक का समस्त बायां क्षैत्र। |

उपरोक्त तालिका के अनुरूप वार्डो के पुनर्गठन के प्रस्ताव तैयार किये जाकर सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किये जा रहे है, जिस किसी भी व्यक्ति को नवगठित वार्डो के पुनर्गठन एवं पुनसीमांकन के सबंध में कोई आपत्ति हैं, तो वह दिनांक 05.07.2019 से दिनांक 15.07.2019 तक के मध्य, अपनी आपत्ति लिखित रूप में मुख्य नगरपालिका अधिकारी मुकुन्दगढ को प्रस्तुत कर सकेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मुकुन्दगढ
नगरपालिका मुकुन्दगढ